Title: Need to provide more facilities at Muzaffarnagar railway station, U.P.-Laid.

श्री अमीर आलम (कैराना) : अध्यक्ष महोदय, मुजफ्फरनगर, उ0प्र0 में रेलवे सुविधायें अपर्याप्त हैं। वहां के रेलवे स्टेशन पर वेटिंग रूम नहीं है। यात्रियों को शेड के नीचे धूप व लू में खड़ा रहना पड़ता है। वहां पर स्टाफ की अत्यधिक कमी है, जिसकी वजह से फोन नं0 131 पर सूचना देने वाला उपलब्ध नहीं होता है। स्टेशन पर अपेक्षित सफाई व पीने के पानी का उचित प्रबंध नहीं है, जिसकी वजह से आजकल की गर्मी व लू के मौसम में यात्रियों के बीमार पड़ने का खतरा रहता है। इसके अतिरिक्त देर से आने वाली गाड़ियों की सूचना समुचित रूप से उपलब्ध होने के लिए पर्याप्त प्रबंध नहीं है, जिसके कारण भी यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। मुजफ्फरनगर में ही अनमैन्ड लेविल क्रासिंग पर दुघटना का खतरा हर समय बना रहता है।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि रेल मंत्रालय के उच्च अधिकारी मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन का तुरंत मुआयना करें और उपरोक्त समस्याओं को दूर करने के तत्काल प्रयास करें।

____